# राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज
# बिजनौर–(उ0प्र0)

## प्रशासकीय परिषद की पंचम बैठक का
## कार्यवृत्त

| | |
|---|---|
| ➢ बैठक संख्या | पंचम |
| ➢ दिनांक | 28 मई, 2019 |
| ➢ समय | 01:00 बजे (अपराह्न) |
| ➢ स्थान | राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज,<br>चाँदपुर, जिला बिजनौर। |

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की पंचम बैठक दिनांक 28.05.2019 अपराह्न 01:00 बजे, मा0 अध्यक्ष (नामित) महोदय, प्रशासकीय परिषद, राजकीय इंजीयिरिंग कालेज, बिजनौर की अध्यक्षता में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, चाँदपुर, जिला बिजनौर के सभागार में सम्पन्न हुई।

प्रशासकीय परिषद की पंचम बैठक में उपस्थित मा0 अध्यक्ष (नामित) महोदय, एवं समस्त सम्मानित सदस्यगण –

| | | |
|---|---|---|
| 1 | डा0 डी0बी0 शाक्यवार जी,<br>प्रधान वैज्ञानिक,<br>आई0सी0ए0आर–सी0एस0डब्लू0आर0आई0,<br>अविकानगर, जयपुर। | अध्यक्ष (नामित) |
| 2 | डा. सरोज कुमार।<br>विशेष सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ। | उपाध्यक्ष (प्रतिनिधि) |
| 3 | श्री तजम्मुल अफजाल<br>प्रधानाचार्य,<br>राजकीय पालीटेक्निक,<br>मुरादाबाद। | सदस्य (निदेशक, प्रा.शि. नामित) |
| 4 | श्री कृष्ण कुमार<br>संयुक्त निदेशक,<br>कोषागार एवं पेंशन,<br>मुरादाबाद। | सदस्य (नामित) |
| 5 | प्रो0 भीम सिंह,<br>इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग,<br>आई0 आई0 टी0,<br>दिल्ली। | सदस्य |
| 6 | श्री प्रो. विपुल रस्तोगी,<br>भौतिकी विभाग,<br>आई.आई.टी. रूड़की। | सदस्य (नामित) |

| | | |
|---|---|---|
| 7 | श्री वी.के.सिंह<br>नोडल आफिसर वित्त<br>एस.पी.आई.यू.–यू.पी.<br>लखनऊ। | विशेष आमंत्रित |
| 8 | डा0 रवि शंकर<br>गाजियाबाद। | सदस्य (नामित) |
| 9 | प्रो0 बी0के0त्रिपाठी<br>निदेशक,<br>राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज,<br>बिजनौर। | सदस्य सचिव |

**<u>अपिहार्यकारणवश निम्न मा0 सदस्यगण उपस्थित नही हुये–</u>**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | माननीय कुलपति जी,<br>ए0के0टी0यू0, लखनऊ,<br>उत्तर प्रदेश। | सदस्य |
| 2 | निदेशक,<br>आई0आई0टी,<br>कानपुर। | सदस्य |
| 3 | प्रो0 के0 एस0 वर्मा,<br>इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग,<br>के0एन0आई0टी0,<br>सुल्तानपुर। | सदस्य |
| 4 | श्री राकेश कुमार,<br>अधीक्षण अभियन्ता,<br>उत्तर प्रदेश इरीगेशन विभाग,<br>लखनऊ। | सदस्य |
| 5 | प्रो0 एस0 पी0 पाण्डेय,<br>निदेशक,<br>राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज,<br>आजमगढ़। | सदस्य |

6 प्रो0 नवीन गर्ग, — सदस्य
कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग,
आई0आई0टी0,
दिल्ली।

7 प्रो0 वी0के0 गांधी, — सदस्य
मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग,
आई0आई0टी0,
रूड़की।

**कार्यवाही:**

प्रशासकीय परिषद की यह बैठक माननीय अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद के निर्देश पर आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने माननीय अध्यक्ष (नामित) महोदय एवं प्रशासकीय परिषद के सम्मानित सदस्यों का स्वागत करने के उपरान्त कार्यवाही प्रारंभ करने हेतु मा0 अध्यक्ष महोदय से अनुमति प्राप्त की एवं तत्पश्चात् एजेण्डा बिन्दुओं पर कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

**05.01 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 30.04.2019 को सम्पन्न चतुर्थ बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

परिषद की दिनांक 30.04.2019 को सम्पन्न चतुर्थ बैठक के अनुमोदित कार्यवृत्त की प्रति परिषद द्वारा अवलोकन के उपरान्त, परिषद द्वारा कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

**05.02 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 30.04.2019 को सम्पन्न चतुर्थ बैठक में निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

दिनांक 30.04.2019 को सम्पन्न प्रशासकीय परिषद की चतुर्थ बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही से अवगत कराया। कृत कार्यवाही पर माननीय परिषद द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। प्रशासकीय परिषद द्वारा सुझाव दिया गया कि आगामी बैठक में विगत प्रशासकीय परिषद की बैठकों में लिये गये निर्णय पर अपूर्ण बिन्दुओं पर कृत कार्यवाही से परिषद को अवगत कराया जाए।

**05.03 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 30.04.2019 को सम्पन्न चतुर्थ बैठक के बाद संस्थान में हुये विकास कार्यो एवं अन्य शैक्षिक क्रिया–कलापों से परिषद को अवगत कराना।**

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 30.04.2019 को सम्पन्न चतुर्थ बैठक के बाद संस्थान में हुये कार्यो, से परिषद अवगत हुई। तथा कालेज परिसर में निर्माणाधीन आवासों (टाइप द्वितीय (24 नग), तृतीय (24 नग और पंचम (01 नग)) का पुनरीक्षित आगणन (1096.26 लाख) एवं कार्यदायी संस्था ने कराये गये कार्यो (वर्क डन) को क्रमशः SOR जिला बिजनौर 01.09. 2016 और DSR 2016 एवं SOR बिजनौर 06.11.2017 एवं DSR 2016 के आधार पर प्रस्तुत किया, जबकि कराये जाने वाले कार्यो को (वर्क टू वी डन) को SOR जिला बिजनौर दि. 12.12.2018 एवं DSR 2018 के आधार पर प्रस्तुत किया, जिसको शासन को दिनांक 08.05.2019 को संदर्भित करने की कार्यवाही से प्रशासनिक परिषद अवगत हुई।

**05.04 टेक्किप–तृतीय के अंतर्गत किये गये व्यय एवं अन्य गतिविधियों की सूचना एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

TEQIP-III परियोजना का सकुशल संचालन राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बिजनौर में चल रहा है जिसके अन्तर्गत दिनांक 30.04.2019 से 27.05.2019 तक हुई विभिन्न गतिविधियों (बिन्दु संख्या **05.04.01, 05.04.02, 05.04.03 एवं 05.04.04**) से परिषद अवगत होते हुए कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रस्ताव पर अनुमोदन दिया। परिषद ने निर्देश दिये कि भविष्य में टेक्किप की गतिविधियों के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धियों का उल्लेख किया जाये। परिषद ने विद्युत अभियंत्रण विभाग के लिये जून 2019 तथा सूचना प्रोद्योगिकी विभाग के लिये सितम्बर 2019 तक SAR अपलोड करने के निर्देश दिये।

**05.05** **संस्थान में संचालित परियोजना टेक्विप–तृतीय से संभावित नये कार्यो (प्रोक्योरमेन्ट एण्ड ऐकेडमिक गतिविधियाँ) पर विचार एवं अनुमोदन।**

संस्थान में संचालित परियोजना टेक्विप–तृतीय से संभावित नये कार्यो (प्रोक्योरमेन्ट एण्ड ऐकेडमिक गतिविधियाँ) करने हेतु टेक्विप समिति द्वारा दिये गये प्रस्ताव से परिषद अवगत हुयी। परिषद ने क्रय हेतु प्रस्तुत आइटम एवं उनकी कुल कीमत रू0 165.59 लाख को अनुमोदन प्रदान किया तथा सम्बन्धित विभाग/अनुभाग/समिति से specification एवं अनुमानित कीमत लेकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। नोडल आफीसर (प्रोक्यरमेन्ट – टेक्विप) को प्रस्तुत प्रस्तावों को शीघ्र PMSS portal पर अपलोड कर क्रय आदेश जारी करने के निर्देश दिये जिससे की समय के अन्तर्गत लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

**05.06** **शिक्षकों की सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत डी.डी के तीन माह के अन्दर बैंको से क्लीयर न कराने के सम्बन्ध में**

दिनांक 30.04.2019 को परिषद की बैठक में दिये निर्देश के क्रम में संस्थान के बैंक खाते में जमा डी0डी0 के रिकार्ड (शिक्षक भर्ती, डीडी0 प्रकरण) का रिकाउन्सिलेशन (Reconciliation) कराकर प्रस्तुत की गई रिपोर्ट से परिषद अवगत हुई। दिनांक 30.04.2019 को परिषद की बैठक में गठित समिति की प्रारम्भिक रिपोर्ट से परिषद अवगत हुई तथा समिति को बचे हुये लगभग 1027 डी. डी. का रिकाउन्सिलेशन (Reconciliation) कराकर रिपोर्ट अगली प्रशासकीय परिषद की बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

**अन्त में बैठक मा0 अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।**

(प्रो0 बी0के0 त्रिपाठी)
निदेशक
एवं
सदस्य सचिव,
प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर।

(डा0 डी0बी0 शाक्यवार जी)
अध्यक्ष (नामित),
प्रशासकीय परिषद, रा.इ.का., बिजनौर
एवं
प्रधान वैज्ञानिक,
आई0सी0ए0आर–सी0एस0डब्लू0आर0आई0,
अविकानगर, जयपुर।